आज दिनांक 18/8/22 दिन शुक्रवार को जनभागीदारी समिति की बैठक दोपहर 1:00 बजे महाविद्यालय ग्रंथालय भवन के वाचनालय कक्ष में जनभागीदारी समिति के माननीय अध्यक्ष डॉ. श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव, विधायक नगरी - सिहावा विधानसभा क्षेत्र की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। बैठक में निम्नानुसार सदस्य गण उपस्थित रहे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | माननीय डॉ (श्रीमती) लक्ष्मी ध्रुव | अध्यक्ष | [signature] |
| 02 | माननीय श्री शरद लोहाना | सदस्य | [signature] |
| 03 | माननीय श्री विजय साहू | सदस्य | [signature] |
| 04 | माननीय श्री भरत सोनी | सदस्य | |
| 05 | माननीय श्री मदनमोहन खंडेलवाल | सदस्य | [signature] |
| 06 | माननीय श्री राजेन्द्र लूकड़ | सदस्य | |
| 07 | माननीय श्रीमती कविता योगेश बाबर | सदस्य | [signature] |
| 08 | माननीय श्री सोमेश मेश्राम | सदस्य | [signature] |
| 09 | माननीय श्री घनश्याम साहू | सदस्य | [signature] |
| 10 | माननीय श्री पी.बी. फड़कर | सदस्य | [signature] |
| 11 | माननीय श्री लक्की जैन | सदस्य | [signature] |

B.C.S. GOVT P.G. ... DHAMTARI

बैठक कार्यवाही विवरण

दिनांक - 18.08.2022

पिछली बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन :-

प्राचार्य डॉ. (श्रीमती) प्रीति चौबे ने सर्वप्रथम पूर्व बैठक दिनांक 13.04.2022 में लिये गये निर्णयों के कार्यवाही विवरण का वाचन किया, जिसका उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदन किया।

एजेण्डा क्र. (01) - नैक मूल्यांकन में सहयोग के लिए जनभागीदारी समिति का आभार प्रदर्शन।

प्राचार्य डॉ (श्रीमती) प्रीति चौबे ने दिनांक 06 एवं 07 जून 2022 को महाविद्यालय की नैक पीयर टीम की 02 दिवसीय प्रवास की जानकारी देते हुए नैक मूल्यांकन हेतु महाविद्यालय प्रशासन द्वारा जनभागीदारी समिति की सहयोग से कराये गये विभिन्न निर्माण कार्यों तथा उपलब्ध कराई गयी सुविधाओं के लिए जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों का महाविद्यालय परिवार की तरफ से आभार प्रकट किया गया। समिति द्वारा पूर्व तैयारी के लिए छात्रहित एवं महाविद्यालय हित में अनेकों कार्य कराये गये नैक पीयर टीम के समक्ष माननीय अध्यक्ष महोदय एवं अन्य सम्माननीय सदस्यों की उपस्थिति का महाविद्यालय के मूल्यांकन में सकारात्मक प्रभाव पड़ा इसके लिए महाविद्यालय परिवार माननीय अध्यक्ष एवं समस्त सदस्यों के लिए आभारी रहेगा।

एजेण्डा क्र (02) - नैक पीयर टीम के मूल्यांकन रिपोर्ट पर चर्चा

प्राचार्य ने समिति को सूचित किया कि नैक मूल्यांकन ने महाविद्यालय को 2.63 CGPA अंक प्रदान करते हुए B+ की ग्रेड प्रदान की इसके पूर्व 2015 में महाविद्यालय का CGPA 2.06 एवं ग्रेड B. था। अतः तुलनात्मक रूप से .57 अंकों की वृद्धि प्राप्त

की उत्तरोत्तर प्रगति को दर्शाता है। महाविद्यालय
प्रशासन ने अपनी तरफ से नैक के लिए तैयारी
की थी। किन्तु मूल्यांकन रिपोर्ट से ज्ञात हुआ कि
02 बिन्दुओं पर महाविद्यालय की तैयारी अप्रयाप्
थी। प्रथम बिन्दु पर एवं द्वितीय एल्युमिनी फ
में कमी प्राचार्य ने समिति को सूचित किया कि
महाविद्यालय में संचालित संकाय एवं विद्यार्थी संख्
के आधार पर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य सभी संकाय
में पर्याप्त शोध केन्द्र की सुविधा होनी चाहिए। कि
महाविद्यालय में केवल कला संकाय के अंतर्गत अर्थ
एवं हिन्दी विभाग में ही शोध केन्द्र संचालित है
इसके अलावा महाविद्यालय में शोध निर्देशकों की
कमी, शोध पेपर के प्रकाशन की कमी, शोध संगो
की कमी भी नैक पीयर टीम ने रेखांकित किया।
संदर्भ में माननीय अध्यक्ष डा. श्रीमती लक्ष्मी कु
मैडम ने सभी फैकल्टी को पी.एच.डी. करने, शोध
निर्देशक बनने, पेपर प्रकाशित करने अथवा पुस्तक
लिखने के लिए प्रेरित करने हेतु निर्देश जारी करने
सुझाव दिया साथ ही शोध हेतु प्रतिष्ठित जर्नल
की सदस्यता प्राप्त कर नियमित उपलब्ध कराने
भी सुझाव दिया। प्राचार्य ने दूसरी कमी की ओ
ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि महाविद्याल
के भूतपूर्व छात्र के द्वारा गठित बी.डी.एस. शासकी
गवर्नमेंट पी.जी. कॉलेज एल्युमिनी एसोसिएशन का
पंजीयन 2017 से करवाया जा चुका है एवं उनकी
मिटिंग एवं एकत्रित फंड का आय-व्यय का अंकेक्ष
खाता आदि सभी आवश्यकताएं नैक के अनुसार पू
की जा चुकी थी, किन्तु भूतपूर्व विद्यार्थी की संख्
के अनुपात में उपलब्ध धनराशि अत्यंत अल्प आ
गयी चूंकि एल्युमिनी फंड में उपलब्ध राशि के आ
पर अंको के मापदंड बने हुए हैं। अतः फंड की क
मी के कारण अंको में महाविद्यालय पिछड़ गया जिस
समिति के सदस्यों ने फंड एकत्रित करने के लिए

प्रस्ताव क्र (03) — नैक पीयर टीम के लिए की गयी तैयारी पर चर्चा।

प्राचार्य ने समिति के समक्ष जानकारी प्रस्तुत करते हुए कहा कि नैक पीयर टीम के आगमन की तिथि का प्रस्ताव महाविद्यालय द्वारा 03 अलग-अलग तिथियों का प्रेषित किया गया था तद्नुसार 06 एवं 07 जून 2022 को नैक पीयर टीम महाविद्यालय प्रवास निश्चित हुआ उनके आवास का स्थल निर्धारित एवं देयक का भुगतान नैक के द्वारा ही किया जाता है नैक टीम ने गंगरेल डेम पर स्थित बारदिया लेक हाउस के तीन रूम बुक किये थे जिनके देयक भुगतान उन्होंने किया, किन्तु एयरपोर्ट से आवास स्थल तक लाने एवं आवास स्थल से महाविद्यालय लाने के लिए वाहन की व्यवस्था, नाश्ता, भोजन सेवा सत्कार आदि की व्यवस्था महाविद्यालय प्रशासन द्वारा किये जाने का नियम है। इस हेतु 03 कार टैक्सी 05 जून से 08 जून 2022 तक के लिए किराये पर ली गयी थी। नैक पीयर टीम सहित महाविद्यालय का सम्पूर्ण स्टाफ महाविद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राएं आमंत्रित जनभागीदारी समिति के सदस्यगण एल्युमिनी एसोसियेशन के सदस्यगण, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली छात्र-छात्राए, एन.सी.सी., एन.एस.एस. के छात्र-छात्राए, पालकगण आदि सभी के चाय, नाश्ता, एवं भोजन की व्यवस्था महाविद्यालय परिसर में 06 एवं 07 जून को की गयी थी। जिसके लिए टेन्ट केटरर्स की सेवाएं ली गयी। बारदिया लेक हाउस में ही कम्प्यूटर, प्रिंटर एवं नेट सुविधा सहित प्रशासनिक स्टाफ के लिए एक अतिरिक्त कमरा महाविद्यालय द्वारा नैक पीयर टीम के निर्देशानुसार ही लिया गया। जिसका देयक महाविद्यालय द्वारा दिया गया।

प्र.क्र (04) — नैक, मूल्यांकन हेतु किये गये व्ययो पर चर्चा एवं अनुमोदन।

प्राचार्य ने माननीय अध्यक्ष एवं समिति के सम्माननीय सदस्यों को जानकारी दी की इसके पूर्व बैठक में जनभागीदारी समिति के सहमति के आधार पर नैक पीयर टीम के आगमन पूर्व अधोसंरचना विकास सुविधाओं पर किये गये व्ययों पर जानकारी देते हुए कहा कि कन्या छात्रावास के लिए 20 सेट पलंग एवं तकिये, चादर, रेफ्रिजरेटर, पंखे एवं छात्रावास हेतु नग सी.सी.टी.वी. कैमरा, जैविक खाद के लिए निर्माण, परिसर स्थित पेड़ो में गोल घेरा, सभी भ के प्रवेश द्वारों में दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु रैम्प, साइड सपोर्टिंग ग्रील, सभी सीढ़ियों पर सपोर्टिंग स्टेनलेस स्टील बार, दिव्यांगों के प्रयोग हेतु टॉयलेट आदि कार्य कराए गये मुख्य भवन के गलियारे में हिन्दी विभाग के सामने से भूगोल विभाग, राजनीति विभाग, वाणिज्य विभाग तक टाइल्स, फ्लोरिंग कराये भिन्न विभाग में एम.एस.सी. प्रयोगशाला का कराया गया, प्रवेश लाबी में माता सरस्वती एवं विवेकानंद जी की मूर्ति स्थापना, मुख्य भवन के पि हिस्से में जर्जरीकरण एवं विभिन्न मरम्मत कार्य करा गये जिनके देयकों का भुगतान जनभागीदारी समि के माननीय अध्यक्ष के अनुमोदन उपरांत किया जा चुका है।

नैक पीयर टीम प्रवास के दौरान टैक्सी किराय देयक श्री रवि टूर एण्ड ट्रेवल्स का राशि 34220 रु. रवि टूर एण्ड ट्रेवल्स को देय है। भोजन व्यव हेतु जैन कैटर्स धमतरी के द्वारा प्रस्तुत देयक रा 170115.00 रु. के स्थान पर केवल 145000.00 रु. देयक भुगतान हेतु स्वीकृत किया गया। तदनुसार कैटर्स को भुगतान हेतु मीत ट्रेडर्स के नाम से 145000.00 रु. का चेक जारी किये जाने की स्वी दी गई। महाविद्यालय परिसर में विवेकानंद स्वशासी स्थित महाविद्यालय के नेम बोर्ड, प्रवेश द्वार पर

आई.टी. भवन, कन्या छात्रावास भवन, स्पोर्ट्स रूम, परिसर में स्थित तीनों गेट, क्रिकेट स्टेडियम आदि भवनों पर लेखन एवं वाल पेंटिंग सभी विभागों के फ्रेम सहित फ्लेक्स, पिनायल बोर्ड आदि का कार्य राजू पेन्टर, लामतरी के द्वारा संपन्न किया गया जिसका देयक 113473.00 रु. का देयक भुगतान किया जाना है। गर्मी की अधिकता के कारण से महाविद्यालय के स्मार्ट रूम में पीयर टीम सिटिंग रूम में भोजन कक्ष में आवश्यक मात्रा में ए.सी. एवं कूलर किराये पर लिये गये निर्बाध विद्युत पूर्ति हेतु जनरेटर हैलोजन लाइट आदि किराये पर लिये गये जिनका देयक 103000.00 रु. श्री सुमन साहू (क्लासिक लाइट डेकोरेशन) को किया जाना है। शांति किराया भंडार का देयक 35518.00 रु. स्टैंडीग फ्लेक्स हेतु स्वराज ट्रेडर्स रायपुर से क्रय किये गये स्टैनडीग का देयक 8826.00 रु आदि भुगतान शेष है उक्त देयको में से समिति के सदस्यों ने टेन्ट किराया, भोजन, पेन्टर तथा ए.सी. किराया आदि देयकों पर आपत्ति प्रगट करते हुए औचित्य की बात कही जिस पर प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे एवं श्री पी.सी. पराडकर ने पूरी घटनाक्रम एवं व्ययों का औचित्य सिद्ध करते हुए समिति के सदस्यों के शंकाओं का निवारण किया। माननीय अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मी ठाकुर नैक मूल्यांकन प्रक्रिया से पूर्व परिचित थी, अतः उन्होंने उक्त सारे व्ययों पर अपनी सहमति प्रगट की एवं अनुमोदन करते हुए समिति के सदस्यों की सहमति प्राप्त की किन्तु श्रीमती कविता बाबर एवं श्री शरद लोहाना के सुझाव पर अमल करते हुए ए.सी. कूलर आदि के किराये के देयक 103000.00 रु. में से केवल 70000.00 रु के ही भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई।

ता.) क्र (05) — कन्या छात्रावास भवन चालू करने हेतु व्यवस्था बाबत। —

2022-23 से महाविद्यालय परिसर में स्थित 20 बे
कन्या छात्रावास छात्राओं के उपयोग हेतु संचालित
किया जाना है। इस हेतु छात्रावास की पिछे के द
की बाउन्ड्रीवाल के नीचे गेप में जोड़ाई का कार्य
सुरक्षा की दृष्टिकोण से आवश्यक है तथा छात्रा
हेतु महिला मेट्रन, छात्रावास की साफ-सफाई हे
महिला भृत्य तथा महिला गार्ड की व्यवस्था ज
भागीदारी मद से की जायेगी। प्राचार्य ने सूचि
किया कि शासन के निर्देशानुसार गार्ड की व्यव
लाइवलीहुड कालेज से प्रशिक्षित महिला गार्ड क
सेवाएं 6000/- रु. मासिक मानदेय पर ली जाए
महाविद्यालय में जनभागीदारी मद से कार्यरत
श्री संतोष उलागन की पत्नि श्रीमती सरिता उलाग
की सेवाएं महिला छात्रावास की साफ-सफाई हे
भृत्य के रूप में साथ ही बगीचे की देखरेख में
सहायक के रूप में 4000/- रु. मासिक मानदेय
पर लिये जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इन
प्रस्तावों पर जनभागीदारी समिति के उपस्थित
सभी सदस्यों ने सहमति प्रदान की।

एजेण्डा क्र. (06) - फीस संग्रहण एवं इण्डसइंड बैंक के
माध्यम से। -

प्राचार्य ने सूचित किया कि फीस
काउन्टर पर छात्र-छात्राओं की लंबी लाइन से उ
अव्यवस्था को दूर करने तथा आर्थिक सुरक्षा
पूर्व बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार स
छात्र छात्राओं से ली जाने वाली प्रवेश शुल्क, पर
शुल्क एवं जनभागीदारी शुल्क इण्डसइंड बैंक द्वा
उपलब्ध कराए जाने वाले ऑनलाइन माध्यमों
लिये जाने के लिए इण्डसइंड बैंक के सामने प्रस्
तावित है। आगामी कुछ दिनों में समस्त औपचा
पूर्ण कर बैंक के माध्यम से फीस लिये जाने

ने सहमति प्रदान की।

एजेण्डा क्र (07) - अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय।

समिति में सम्मानीय सदस्य सांसद प्रतिनिधि श्री विजय साहू ने जनभागीदारी खाते में उपलब्ध राशि की जानकारी चाही, जिस पर प्राचार्य ने अद्यतन जानकारी लेकर सूचित करने की बात कही। इस क्रम में माननीय सदस्य श्री लक्की जैन ने स्व-वित्तीय कोर्स में उपलब्ध फंड की जानकारी चाही जिस पर प्राचार्य ने बाद में उपलब्ध कराने की बात कही।

B.C.S. GOVT. P.G. ... DHAMTARI

बैठक

आज दिनांक 20/01/2023 दिन: शुक्रवार जनभागीदारी समिति की बैठक दोपहर 03:00 बजे महाविद्यालय ग्रंथालय भवन के वाचनालय कक्ष में जनभागीदारी समिति के माननीय अध्यक्ष डॉ. श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव, विधायक नगरी, सिहावा विधानसभा क्षेत्र की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। बैठक में निम्नानुसार सदस्यगण उपस्थित रहे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | माननीय डॉ.(श्रीमती) लक्ष्मी ध्रुव | अध्यक्ष | |
| 2. | माननीय श्री शरद लोहाना | सदस्य | [signature] |
| 3. | माननीय श्री विजय साहू | सदस्य | [signature] |
| 4. | माननीय श्री भरत सोनी | सदस्य | |
| 5. | माननीय श्री मदनमोहन खण्डेलवाल | सदस्य | |
| 6. | माननीय श्री राजेन्द्र लुंकड़ | सदस्य | |
| 7. | माननीय श्रीमती कविता योगेश बाबर | सदस्य | |
| 8. | माननीय श्री सोमेश मेश्राम | सदस्य | |
| 9 | माननीय श्री घनश्याम साहू | सदस्य | |
| 10 | माननीय श्री पी.बी. पराशर | सदस्य | [signature] |
| 11 | माननीय श्री लवली जैन | सदस्य | [signature] |
| 12 | माननीय एस.डी.एम (कलेक्टर प्रति) | उपाध्यक्ष | |
| 13. | | | |

बैठक कार्यवाही विवरण

दिनांक 20.01.2023

01. पूर्व बैठक में लिये गये निर्णयों का अनुमोदन -

प्राचार्य द्वारा पूर्व बैठक दिनांक 13.08.2022 में लिये गये निर्णयों का समिति के समक्ष वाचन किया जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

प्रस्ताव क्र० 01 - वार्षिक स्नेह सम्मेलन में मुख्य अतिथि संबंधी निर्णय।

प्राचार्य ने समिति को सूचित किया कि आगामी फरवरी माह में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया जाना है, इस हेतु मुख्य अतिथि का नाम निर्धारित करने का प्रस्ताव समिति के समक्ष रखा गया। जिस पर अध्यक्ष महोदया ने माननीया श्रीमती अनिला भेंडिया प्रभारी मंत्री धमतरी जिला को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने का प्रस्ताव रखा तथा कुलपति पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर को अध्यक्षता हेतु आमंत्रित किये जाने का सुझाव दिया। सांसद प्रतिनिधि श्री विजय साहु ने माननीय श्री चुन्नीलाल साहु जी एवं माननीया विधायक श्रीमती रंजना साहु को भी अतिथि बनाये जाने का प्रस्ताव रखा। अतिथियों से सहमति लेने हेतु सम्माननीय सदस्य श्री शरद लोहाना जी को अधिकृत किया गया।

प्रस्ताव क्र० 02 - राष्ट्रीय विज्ञान दिवस आयोजन संबंधी।

विज्ञान क्लब प्रभारी एवं विभागाध्यक्ष रसायन-शास्त्र ने प्राचार्य के समक्ष 28 फरवरी 2023 को विज्ञान दिवस कार्यक्रम आयोजन हेतु 20000=00

आँकलन प्रस्तुत किया गया जिसे प्राचार्य ने समिति के समक्ष रखा गया उपरान्त जनभागीदारी म से 20000.00 (बीस हजार) की राशि स्वीकृ किये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया ग

एजेण्डा क्र.-03 - सोरिद मार्ग की ओर बाउण्ड्रीवाल बना संबंधी।

प्राचार्य ने सदस्यों को सूचित किया कि महाविद्यालय के सोरिद मार्ग की ओर स्थित सीमा पर बिल्डर्स द्वारा निर्माण कार्य कराया रहा है। जिससे अतिक्रमण की आशंका है। अत महाविद्यालय के आधिपत्य भूमि की संरक्षण हेतु सीमांकन कालम को जोड़कर अतिक्रमित भू में जनभागीदारी मद से बाउण्ड्रीवाल किये जा की सलाह दी तथा बाउण्ड्रीवाल पर अधिक रा खर्च होने के कारण जनभागीदारी मद से बाउण्ड्रीवाल बनाने की सहमति प्रदान नहीं की

एजेण्डा क्र.-04 - जनभागीदारी खाता आनलाइन हो जा की सूचना।

जनभागीदारी समिति की बैठक दिनांक 18.08.2022 में बिन्दु क्रमांक 06 में लिये गये निर्णय अनुसार इक्वीटास बैंक रत्नाबांधा रोड धमतरी शाखा में जनभागीदारी समिति का खा प्रारंभ किया गया। जिससे भारतीय स्टेट बैंक संचालित खाते में कुल 4815800/- (अड़तालि लाख पन्द्रह हजार आठ सौ रु०) इक्वीटास में स्थानांतरित कर दिया गया, इक्वीटास द्वारा 04 क्यू आर. कोड, 01 नग स्वेप मशी महाविद्यालय को प्रदत्त कर दी गई है। तदनुसार जनभागीदारी खाते का अधिकांश ट्रांजेक्शन

उक्त सूचना जनभागीदारी समिति द्वारा ग्रहण की गई।

प्रस्ताव क्र० – 05 – PWD निर्माण कार्य की जानकारी।

प्राचार्य ने जनभागीदारी समिति को सूचित किया कि शासन द्वारा महाविद्यालय परिसर में अतिरिक्त कक्ष की निर्माण हेतु कुल 55 लाख रु. की राशि निर्माण एजेंसी PWD को आवंटित की है PWD द्वारा निर्माण हेतु टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है तथा महाविद्यालय परिसर स्थित सायकल स्टैण्ड नवीन गार्डन के समक्ष 03 अतिरिक्त कक्ष बनाये जाना प्रस्तावित है। सूचना जनभागीदारी समिति द्वारा ग्रहण की गई।

प्रस्ताव क्र० – 06 – अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय।

6.01 – कर्मचारियों से प्राप्त शिकायत की जांच संबंधी।

जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष माननीया डॉ. (श्रीमती) लक्ष्मी ध्रुव ने समिति को सूचित किया कि महाविद्यालय में कार्यरत श्रीमती चन्द्रकिरण श्रीवास्तव, प्रयोगशाला तकनीशियन, सुश्री शुभम सिन्हा डाटा एण्ट्री आपरेटर, श्रीमती शैलेन्द्र पवार प्रयोगशाला परिचारक एवं श्रीमती लक्ष्मण बाई भृत्य ने अध्यक्ष महोदय को संबोधित करते हुए महाविद्यालय प्रशासन के विरुद्ध लिखित शिकायत प्रस्तुत किया है इस संबंध में महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा माननीय अध्यक्ष महोदय को लिखे गये पत्र को पढ़कर सुनाया गया जिस पर अध्यक्ष महोदय, सहित उपस्थित सदस्यों ने निर्णय लिया कि जांच समिति का गठन कर शिकायत की सत्यता की जांच की

कार्यवाही की जाँच / जांच हेतु समिति का गठन निम्नानुसार किया गया :-

01. श्री पी.बी. पराडकर - समन्वयक

02. श्री विजय साहू - सदस्य

03. श्री लक्की जैन - सदस्य

04. डॉ. (श्रीमती) चंद्रिका साहू - सदस्य

05. श्रीमती प्रिया कुजूर - सदस्य

06. श्री परमानंद गौड़ - सदस्य

B. C. S. GOVT P. G.
DHAMTARI